## एक नजर में

### सिंदुरिया समिति प्रबंधक पर होगी कार्यवाही

**राजगढ़ 02 दिसम्बर, का.** सिंदुरिया सोसाइटी मशीन स्टॉक में 234 मेट्रिक टन यूरिया का स्टॉक प्रदर्शित होने पर उप संचालक कृषि सचिन जैन एवं सहायक संचालक कृषि प्रहलाद सिंह बारेला, एसएडीओ राजगढ़ द्वारा सोमवार को सिंदुरिया सोसाइटी का निरीक्षण किया गया. सिंदुरिया समिति प्रबंधक अनुपस्थित पाये जाने पर उपस्थिति कृषकों से उर्वरक के संबध में चर्चा करने पर कृषकों द्वारा बताया गया कि सोसाइटी पिछले एक सप्ताह से नहीं खुली है. समिति प्रबंधक ब्यावरा में रहते हैं, कृषकों को खाद के परमिट कटवाने के लिए ब्यावरा जाना पड़ता है. समिति प्रबंधक सिंदुरिया सोसाइटी मुख्यालय पर नहीं आने से कृषकों को उर्वरक उपलब्ध हैं या नहीं इसकी जानकारी नहीं होती, जिससे कृषकों को बहुत समस्या होती है. मौके पर निरीक्षण दल द्वारा पंचनामा तैयार कर बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा को प्रस्तुत किया. जिसमें उन्होंने सहकारी बैंक के जीएम को निर्देशित किया की उर्वरक वितरण में अनियमितता करने पर सोसाइटी के प्रबंधक के विरुद्ध कार्यवाही करें. साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीसीबी को निर्देशित किया कि जिन सोसाइटी में गत वर्ष की तुलना में दुगना या डेढ़ गुना ज्यादा यूरिया भंडारण हुआ है, उन समितियों की जांच कर किसानों को उपलब्ध कराए.

### डीएलटीसी की बैठक 6 दिसम्बर को

**राजगढ़ 02 दिसम्बर, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आगामी वर्ष 2026-27 हेतु विभिन्न फसलों के ऋणमान निर्धारित एवं ऋण नीति निर्धारित करने हेतु तकनीकी समूह डीएलटीसी की बैठक 6 दिसम्बर, को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी. बैठक में विभिन्न फसलों के लिए ऋणमान निर्धारण, नगद एवं वस्तु ऋण का निर्धारण, ऋण अदायगी की क्षमता का आंकलन, पशुपालन एवं मत्स्य व्यवसायी कृषकों की कार्यशील पूंजी के ऋणमान का निर्धारण, ऋण वितरण का समय एवं अदायगी दिनांक का निर्धारण तथा अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी.

### सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कल

**राजगढ़ 02 दिसम्बर, का.** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड जयपुर द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा जवान के पद पर भर्ती कैंप का आयोजन मंगलवार को जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ में किया गया. जिसमें 65 युवाओं ने भाग लिया. शारीरिक मापदंड के अनुसार भर्ती अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने 33 युवाओं का चयन किया. कमांडेंट कपिल शर्मा ने बताया कि अगले भर्ती का आयोजन 03 दिसम्बर 2025 को जनपद पंचायत जीरापुर में प्रातः 11 बजे से शाम 03 बजे तक किया जाएगा.

### जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6वीं की परीक्षा 13 को

**राजगढ़ 02 दिसम्बर, का.** प्राचार्य पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कचनारिया सुस्तानी द्वारा बताया गया कि पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कचनारिया सुस्तानी में सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं के रिक्त स्थानों हेतु आयोजित परीक्षा के प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है. जिन पालको ने अपने पाल्य पाल्या हेतु आनलाईन आवेदन किया था. वे अपने पाल्य पाल्या के प्रवेश पत्र उक्त वेबसाइट से डाउनलोड करके प्रिंट निकाल सकते हैं. इस हेतु अभ्यर्थी के रजिस्ट्रेशन नम्बर व जन्मतिथि की आवश्यकता रहेगी.

# बस ने कार को टक्कर मारी, दर्जन भर घायल

## कार सवार लोगों एवं बस में सवार यात्रियों को आई चोट

**कार में सवार 4 लोगों को चोट आई तथा बस में आगे बैठी 8 सवारियों को भी मामूली चोट आई एक घायल को शाजापुर तथा एक घायल को ब्यावरा रेफर किया**







नवभारत न्यूज

**पचोर 02 दिसम्बर, सं. पचोर के समीप हाइवे पर दुल्तारिया के यहां मंगलवार की दोपहर करीब 1 बजे पचोर-ब्यावरा मार्ग पर एक तेज रफ्तार बस ने अपने आगे चल रही कार को जोर की टक्कर मार दी. दुर्घटना में कार में सवार 4 लोगों को चोट आई तथा बस में आगे बैठी 8 सवारियों को भी मामूली चोट आई है. एक घायल को शाजापुर तथा एक घायल को ब्यावरा रेफर किया गया है.**

जानकारी के अनुसार ब्यावरा तरफ से आ रही प्रज्ञा ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 09, एफए 3815 शिवपुरी से इंदौर की और जा रही थी. जब पचोर के समीप थी तभी अपने आगे चल रही कार क्रमांक एमपी 09, डीएल 75 से जा भिड़ी. टक्कर इतनी जोर की थी कि कार सड़क पर घीसटाते हुए किनारे पर जा गिरी. जबकि बस काफी चौड़े डिवाइडर को पार कर दूसरी साइड पहुंचकर रुक गई. घटना की जानकारी लगते ही पचोर पुलिस एवं एम्बुलेंस मौके पर पहुंचे तथा नागरिकों की मदद से घायलों को पचोर स्थित सिविल अस्पताल लाया गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल को बाहर रेफर किया गया.

पप्पू पिता धूलजी उम्र 35 साल निवासी मिठनपुर को पैर में चोट आने पर ब्यावरा रेफर किया तथा दीपांश पिता किशन नामदेव उम्र 14 साल निवासी इंदौर को सिर में चोट पर शाजापुर रेफर किया गया. अन्य घायलों में भानु पिता रामजीलाल नामदेव उम्र 70 निवासी शिवपुरी, वंश पिता भरत नामदेव उम्र 12 साल निवासी इंदौर, किरण पति दीपक नामदेव 52 वर्ष इंदौर, आरुषि पिता भारत नामदेव 9 साल इंदौर, देवती पति गणपत लहरी उम्र 19 वर्ष, निकिता पिता अशोक उम्र 24 साल निवासी सनखेड़ी, विशाल पिता मुकेश नामदेव उम्र 13 साल निवासी इंदौर, प्रताप सिंह पिता काशीराम वर्मा उम्र 64 साल निवासी नापलियाखेड़ी, दुर्गाबाई पति राकेश वर्मा उम्र 28 साल निवासी नापलिया खेड़ी, गीता बाई पति धूल जी उम्र 50 साल

### सर्विस रोड की कम दूरी और अव्यवस्थित

जानकारी के अनुसार नगर, कस्बे के यहां हाइवे पर सुरक्षा की दृष्टि से आवागमन में सुगमता हेतु सर्विस रोड का निर्माण किया जाता है किंतु पचोर में हाइवे पर जो सर्विस रोड बनाए गये है वह कम दूरी और तकनीकि रुप से व्यवस्थित नहीं होने के कारण दुर्घटना का डर बना रहता है. ब्यावरा तरफ से पचोर जाते समय संतोष मित्तल स्कूल के आगे के यहां से सर्विस रोड बनाया गया है जबकि कॉन्वेंट स्कूल के सामने से सर्विस रोड बनना था. इसी प्रकार इंदौर तरफ से पचोर आते समय मेडतवाल धर्मशाला के यहां से रेलवे स्टेशन के पूर्व तक सर्विस रोड है, जबकि देहरी बामन जोड़ तक सर्विस रोड बनना चाहिए था.



# सीएम राइज : नाम बड़े और दर्शन छोटे

## ब्यावरा के स्कूली बच्चों को नहीं मिल रहा बस सुविधा का लाभ

**अभिभावक पैसा खर्च कर वाहनों से भेज रहे बच्चों को स्कूल**

**भवन निर्माणाधीन होने से डेढ़ किमी दूर लग रहा स्कूल**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 02 दिसम्बर, का. शासन ने जिस सोच और जिस उद्देश्य के साथ प्रदेश में सीएम राइज स्कूल की शुरूआत की थी उसका धरातल पर असर नहीं दिखाई दे रहा है. खासकर ब्यावरा में स्थिति तो विचित्र है. यहां सीएम राइज स्कूल के बच्चों को बस सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है. पालकों को मोटी रकम प्रतिमाह खर्च कर बच्चों को स्कूल भेजना पड़ रहा है.**

जिले में पांच तहसील को सीएमराइज स्कूल की सौगात मिली है. इन स्कूलों को शासन की और से बस सेवा भी उपलब्ध कराई जाती है. जिले में पांच में से चार तहसील में स्कूल प्रबंधन को बस भी उपलब्ध हो गई किंतु ब्यावरा सीएमराइज स्कूल को आज दिनांक तक बसे नहीं मिली है, इसके चलते अभिभावकों को अतिरिक्त राशि खर्च कर किराये के ऑटो आदि वाहनों के द्वारा बच्चों को स्कूल भेजना पड़ रहा है.

इन हालातों के कारण सीएम राइज स्कूल के हालात नाम बड़े और दर्शन खोटे जैसी हो रही है. जिले में ब्यावरा, नरसिंहगढ़, राजगढ़, जीरापुर एवं सारंगपुर तहसील में मऊ में सीएमराइज स्कूल की सौगात मिली है. सभी जगहों पर स्कूल के लिए नवीन भवनों का निर्माण कार्य चल रहा है. ब्यावरा में मुल्तानपुरा स्थित उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में ही सीएम राइज स्कूल की बिल्डिंग का कार्य जारी है.

**डेढ़ किमी दूर ऑडोटेरियम में स्कूल** - ब्यावरा में उत्कृष्ट विद्यालय में सीएम राइज स्कूल भवन का निर्माण कार्य चलने से यहां पूर्व में संचालित सीएमराइज स्कूल की 1 से 8 वीं तक कक्षाएं सुठालिया रोड पर ढकोरा मार्ग स्थित ऑडोटेरियम परिसर में संचालित की जाती है, ऑडोटेरियम की दूरी नगर से लगभग डेढ़ किमी या कुछ जगह से इससे अधिक दूरी पर है. यहां पर लगभग 250 बच्चे पढ़ने पहुंचते है. अभिभावकों द्वारा प्रायवेट तौर पर ऑटो, मैजिक व अन्य वाहनों के माध्यम से बच्चों को स्कूल भेजा जाता है, इसमें उनको अतिरिक्त राशि का खर्च वहन करना पड़ रहा है. जानकारी के अनुसार एक बच्चे का प्रतिमाह का वाहन किराया करीब 500 रुपये लग रहा है ऐसे में यदि किसी परिवार से दो या तीन बच्चे स्कूल जा रहे है तो एक से डेढ़ हजार रुपया किराए में ही लग रहा है. यदि शासन द्वारा सीएम राइज स्कूलों को दी जा रही बस सुविधा मिल जाती है तो अभिभावकों का यह अतिरिक्त पैसा खर्च होने से बच सकेगा.

### वरिष्ठ कार्यालय को जानकारी भेज करा चुके अवगत

जिला शिक्षा विभाग के अनुसार ब्यावरा में सीएम राइज स्कूल हेतु बसों की मांग कर वरिष्ठ कार्यालय को जानकारी भेजी जा चुकी है. जानकारी के अनुसार स्कूल प्रबंधन द्वारा बसो के लिए संबंधित एजेंसी से समय पर पत्र व्यवहार नहीं किया गया है. इसलिये सीएम राइज के बच्चों के लिये बसों को लेकर कोई अनुबंध नहीं हुआ है. स्कूल प्राचार्य और बस प्रोवाईडर के बीच अनुबंध होने पर ही बच्चों के लिये बस उपलब्ध कराई जा सकती है.

**श्री भिलाला**
**जिला शिक्षा अधिकारी, राजगढ़**




# विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म और धैर्य की सीख देती है गीता

## जेल में बंदी भाइयों के साथ मनाई गीता जयंती

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 02 दिसम्बर, सं. स्थानीय उपजेल में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में गीता जयंती महोत्सव मनाया गया.**

गीता जी का पूजन कर उच्च स्वरों में ओमध्वनि के साथ जेल प्रशासन, बंदी भाईयों के साथ स्थानीय सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी, ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी, धर्मेन्द्र वर्मा, नरेंद्र मकोडिया, लाला दादा समेत सभी ने शुभारंभ किया.

ब्रह्माकुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी ने कहा कि बुरे कर्म मनुष्य को दु:ख के बंधन में डालते हैं और दु:ख का कारण बनते हैं. इसके लिए गीता में भगवान ने कर्म कौशल सिखाते हुए कर्म-अकर्म-विकर्म की गति स्पष्ट की है. प्रीति दीदी ने कहा की एकमात्र गीता ज्ञान सच्चा सहारा है.

गीता ज्ञान को जीवन में अपनाने और आत्मसात करने से ही कल्याण हो सकेगा. धर्मेन्द्र वर्मा ने भी संबोधित किया. भाग्यलक्ष्मी दीदी ने जेल के अधिकारी, कर्मचारियों को ईश्वरी सौगात देकर सम्मानित किया. गीता जी की मंगल आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ.

# समाधि स्थल पर गूंज रहे भजन

## अलमस्तनाथ जी महाराज की समाधि पर अखंड भजन सप्ताह जारी




नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 02 दिसम्बर, का.** अजनार नदी के तट पर स्थित मीणा समाज धर्मशाला में समाधिस्थ बाबा अलमस्तनाथ जी महाराज की समाधि पर अखंड भजन सप्ताह का 65 वां आयोजन जारी है. श्रद्धालुओं के द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जा रही है. समूचा वातावरण धर्ममय बना हुआ है.

आज बुधवार को सागर के पूर्व डीईजी सतीशचंद सक्सेना, पाठशाला आश्रम सुठालिया के महंत बालक नाथ जी महाराज भी भजन सप्ताह में शामिल होंगे. कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा.

वाद्य यंत्रों पर चल रहे भजन कीर्तन सप्ताह में बीती रात को पूर्व कमिश्नर कैलाश नारायण मीणा राघौगढ़ ने भजनों प्रस्तुति देकर उपस्थित स्रोताओ को मंत्र मुक्त कर दिया. उनकी टीम ने देर रात्रि तक भजनों की प्रस्तुति दी.

बाल कलाकार रविन्द्र प्रजापति हबीपुरा द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति ने सभी श्रोताओं को को मंत्रमुग्ध कर दिया.

समाधि स्थल पर 24 घंटे भक्तों का ताता लगा रहता है. 27 नवंबर से प्रारंभ हुई अखंड भजन सप्ताह का समापन 4 दिसंबर को होगा. आयोजन समिति के अध्यक्ष रामगोपाल नेताजी मीणा एवं व्यवस्थापक ओम वर्मा ने बताया कि बाबा के अनुयाईयो के सहयोग से चल रहा है. अखंड भजन सप्ताह में मीणा समाज बंधुओ, क्षेत्र के अनुयायियों और कलाकारों का तांता लगा हुआ है.

### एसआईआर का कार्य वार्ड 17 तारागंज में शत प्रतिशत

**सारंगपुर 02 दिसम्बर, सं.** नगर पालिका क्षेत्र में निर्वाचन संबंधी एसआईआर के कार्य को सुदृढ़ और समयबद्ध पर पूर्ण किया गया. शहर के वार्ड क्रमांक 17 मतदान केंद्र क्रमांक 118 तारागंज के बी एल ओ जय सिंह पुष्पद आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भगवती बाई पुष्पद, रेखा पुष्पद, सहायिका कविता पुष्पद, रीना पुष्पद एवं भाजपा पार्टी की तरफ से बनाए गए बीएलए राजेश पुष्पद इन सभी का सहयोग प्राप्त हुआ एवं मतदान केंद्र क्रमांक 118 तारागंज का 100त्न कार्य पूर्ण किया गया.

# एड्स दिवस पर किया जागरूक

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 02 दिसम्बर, सं.** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय में सिनर्जी संस्थान एवं एसबीआई फाउंडेशन, ऑन व्हील्स कार्यक्रम के अंतर्गत एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया. प्राचार्य डॉ हिमांशु चाष्टा समस्त स्टाफ स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कार्यक्रम की शुरुआत की. इस दौरान सिनर्जी संस्थान जिला समन्वयक संतोष सेन, डॉ. राजेश चौधरी ने विश्व एड्स दिवस की थीम, समाज में फैली भ्रांतियों तथा भेदभाव को दूर करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला.एचआईवी जागरूकता पर आधारित एक फिल्म भी प्रदर्शित की गई. कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को एचआईवीएड्स के प्रति जागरूक रहने और भेदभाव-मुक्त समाज बनाने की शपथ दिलाई गई. सिनर्जी संस्थान जिला समन्वयक संतोष सेन डॉ. राजेश चौधरी, दुर्गेश दांगी , सुगन दांगी, सुनील दांगी, शीतल मेनिया उपस्थित रहे.

# आमजन की समस्याओं का मौके पर निराकरण

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 02 दिसम्बर,का. हर बार की तरह इस बार भी जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का निराकरण किया गया.**



कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, संयुक्त कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह दांगी, अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी श्रीमती निधी भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर सुश्री ज्योति राजोरे सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे.

जनसुनवाई में ग्राम रिछडिया निवासी कंवर लाल ने बताया कि आवेदक विकलांग है, जिससे उसे दैनिक कार्यो में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है. कलेक्टर द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत खिलचीपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. ग्राम पिपल्याकुल्मी निवासी पार्वती बाई ने बताया कि आवेदिका द्वारा सहकारी बैंक में जमा राशि का भुगतान बैंक द्वारा नहीं किया जा रहा है, जिससे आवेदिका को काफी परेशानी हो रही है. कलेक्टर द्वारा जीएम सीसीबी को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. ग्राम रामपुरिया निवासी छीतुलाल ने बताया कि आवेदक बहुत गरीब है. आवेदक का बीपीएल नहीं बन रहा जिससे आवेदक को राशन प्राप्त नहीं हो रहा है. कलेक्टर द्वारा तहसीलदार राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

**समीक्षा** ▶ **लेखापाल की वेतन वृद्धि रोकने व बीपीएम सारंगपुर, कम्प्यूटर ऑपरेटर का वेतन काटने के निर्देश**

# हितग्राहियों को देने के लिये की जायेगी वेतन से वसूली

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 02 दिसम्बर, का. आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान हेतु कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा 'संवाद से समाधान' कार्यक्रम प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई से पूर्व आयोजित किया जाता है, जिसमें विभागीय अधिकारी, कर्मचारी और शिकायतकर्ता आमने-सामने बैठकर शिकायतों का समाधान करते है.**



उल्लेखनीय है कि यह पहल न केवल अधिकारियों में जवाबदेही स्थापित कर रही है, बल्कि आम नागरिकों और जिला प्रशासन के बीच सीधा संवाद भी स्थापित कर रही है. 'संवाद से समाधान' ने आमजन के बीच प्रशासन के प्रति विश्वास और पारदर्शिता को और मजबूत किया है.

इस सप्ताह लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग से संबंधित 7 शिकायतों की समीक्षा की गई. कलेक्टर डॉ. मिश्रा स्वयं प्रत्येक शिकायत को व्यक्तिगत रूप से सुनते हैं और मौके पर ही उसका समाधान सुनिश्चित करते है.

मंगलवार को आयोजित संवाद से समाधान कार्यक्रम में शिकायतकर्ता बाबूराम वर्मा द्वारा बताया गया कि राम कन्या बाई का नसबंदी आपरेशन दिनांक 26/06/2024 को हुआ लेकिन उन्हें अभी तक नसबंदी मुआवजा राशि नहीं मिली है, जिस पर कलेक्टर ने बीपीएम और बीई नरसिंहगढ़ की वेतन से वसूली कर शिकायतकर्ता को 30 हजार रूपये का सात दिवस में भुगतान करने के निर्देश सीबीएमओ नरसिंहगढ़ को दिए. साथ ही शिकायत की मॉनिटरिंग नहीं करने पर विभागीय जांच के निर्देश भी दिए.

शिकायतकर्ता पप्पू तंवर द्वारा बताया गया कि उनकी पत्नि सुनिता तंवर को 12/10/2024 को अस्पताल में डिलवरी हुई थी जिसकी आज दिनांक तक प्रसूति सहायता की 10600 रूपये की राशि नहीं मिली है, जिस पर कलेक्टर ने बीपीएम , लेखापाल की लापरवाही पर सात दिवस में भुगतान कराने के निर्देश दिए.

शिकायतकर्ता वाहिद खान द्वारा बताया गया कि उनकी पत्नि की प्रसूति जिला अस्पताल में हुई थी. आवेदिका को प्रसूति सहायता योजना की राशि 10600 आज दिनांक तक नहीं मिली है. जांच में पता चला की एएनएम द्वारा हितग्राही की समग्र आईडी गलत डाल दी गई है. उक्त आईडी को लंबे समय तक संशोधित नहीं करने पर एएनएम की संविदा समाप्ति के निर्देश भी दिए.

शिकायतकर्ता अमिन खान द्वारा बताया गया कि उनकी पत्नि की प्रसूति सारंगपुर अस्पताल में दिनांक 21/12/2024 को हुई थी. उन्हे प्रसूति सहायता राशि का भुगतान आज दिनांक तक नहीं हुआ है. जांच में पता चला की बीपीएम सारंगपुर द्वारा शिकायत में लापरवाही की गई है. जिस पर कलेक्टर ने सात दिवस का वेतन काटने व एमडी एनएचएम को पत्र लिख जांच के निर्देश दिए.

# सफाई नहीं होने से चौराहों पर लगे गंदगी के ढेर

## सफाई कर्मचारियों का चौथा दिन भी जारी धरना

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 02 दिसम्बर, सं. शहर में सफाई कर्मचारियों के द्वारा लगातार चौथे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा. जिससे नगर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है. नगर अनेक चौक चौराहा पर गंदगी के के ढेर देख जा सकते हैं.**

लोगो को मजबूर होकर घुड़े पर कचरा फेंकने के लिए जाना पड़ रहा है जिससे शहर के अनेक चौराहे पर कचरो का ढेर दिखाई दे रहा है. जिधर देखो उधर गंदगी का साम्राज्य मचा हुआ है. उधर स्थाई सफाई कर्मचारियों ने भी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के समर्थन में संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में धरना प्रदर्शन में शामिल होकर मांगी पूरी करने की शासन से अपील की.

अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंवर वीरेंद्र प्रताप सिंह पंवार नरसिंहगढ़ ने बताया कि धरना प्रदर्शन के चलते चार दिन बीत गए. उसके बाद भी अधिकारियों की मनमानी चल रही है अगर जल्दी हमारी मांगी नहीं मानी गई तो राजगढ़ में पहुंच कर जिले भर के कर्मचारी प्रदर्शन करेंगे.

एसडीएम ने कर्मचारियों से अपील की है कि सभी कर्मचारियों की सारी मांगे उच्च अधिकारियों तक पहुंचा दी गई है आपको वेतन भी मिलेगा आप सब लोग काम पर लौट आइए.